हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार, 19 मार्च 2025

तापमान

अधिकतम 29.1 डिग्री

न्यूनतम 16.2 डिग्री

9 बंदरों के भय से लोग परेशान, नहीं हो रहा समस्या का ...



10 सड़क हादसा होने पर विभागों पर भी दर्ज हो ...




## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर 9 बजे से रक्तदान शिविर
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- बिजली निगम के कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक
- संजय कॉलोनी स्थित गांधी कुष्ठ आश्रम में 11 बजे साहित्यिक गोष्ठी

## बिजली कट

- सुबह 10 से 12 बजे तक बरसी नगर, सुंदूरपुर रोड, जींद रोड, डीपीएस स्कूल के पास का एरिया, जेआर किसान कॉलेज के पास का एरिया, गैस गोदाम के पास का एरिया, शिव कॉलोनी
- सुबह 10 से 1 बजे तक शिवम एनक्लेव, शिक्षा भारती स्कूल, शास्त्री नगर, घनीपुरा, झंडी मंदिर, झज्जर रोड पुल के नीचे, आर्य नगर

## खबर संक्षेप

### गांधी कुष्ठ आश्रम में साहित्यिक गोष्ठी आज

**रोहतक।** विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में वंदन साहित्यिक मंच रोहतक एवं जिला रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 19 मार्च को सुबह 11 बजे संजय कॉलोनी स्थित गांधी कुष्ठ आश्रम साहित्यिक गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर सभी रचनाकार दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए अपना संदेश देंगे। यह जानकारी मंच के संरक्षक डॉ. मधुकांत तथा जनार्दन शर्मा ने दी।

### स्वयं सेवकों ने चलाया सफाई अभियान

**सांपला।** राजकीय छोटू राम पॉलिटेक्निकल कॉलेज में मंगलवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य गीता गुलिया ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा के लिए युवाओं के लिए कालेज एक अच्छा प्लेट फार्म है। हर युवा में राष्ट्रीय सेवा करने की भावना पैदा होनी चाहिए। कैंप के कोऑर्डिनेटर राकेश गुप्ता ने बताया कि एनएसएस के सात दिवसीय इस शिविर में 50 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

### पीजीआई की हॉस्टल पार्किंग से बाइक चोरी

**रोहतक।** पीजीआई की होस्टल पार्किंग से एक युवक की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पीजीआई थाना पुलिस को दी शिकातय में पंकज चावला ने बताया कि वह वार्ड नं-3 शिवानी जिला भिवानी का रहने वाला है। मैं पीजीआई के होस्टल में रहता हूं। 17 मार्च को बाइक होस्टल की पार्किंग में खड़ी की थी। मैंने सुबह के समय देखा तो बाइक नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इस्माईला स्कूल में चोरी, जांच शुरू

**सांपला।** इस्माईला गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अज्ञात व्यक्ति हजारों रुपया का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने स्कूल इंचार्ज सुमन के बयान पर चोरी का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि वे 2 दिन पहले स्कूल का गेट बंद कर स्टाफ सहित घर चले गए। सुबह आकर देखा तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर भी एक कमरे के ताले टूटे पाए गए। जिसमें बैटरी, गैस सिलेंडर आदि सामान गायब मिला।



---

### जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान दीपक हुड्डा की दो टूक

# 14 साल से घोटाला करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा

**जिला बार एसोसिएशन को गंगाजल से धोएंगे**

- चुनाव अधिकारी ने सभी विजेता पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए
- बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा के चेयरमैन डा. विजेंद्र अहलावत भी मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान दीपक हुड्डा ने कहा है कि हरिद्वार से गंगाजल मंगवाकर बार एसोसिएशन को सेनिटाइज किया जाएगा। साथ ही हवन यज्ञ करवाया जाएगा। उन्होंने कहा पिछले 14 साल के कार्यकाल के दौरान घोटाले करने वाले लोगों पर कार्रवाई करेंगे। वे मंगलवार को बार एसोसिएशन के लाइब्रेरी हॉल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान चुनाव अधिकारी प्रदीप मलिक ने चुनाव जीतने वाले पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रधान दीपक हुड्डा ने आरोप लगाया कि यहां 14 साल से भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मतदान के दौरान कुंडी लगाकर बोगस वोट डलवाई जाती थी। इस बार निष्पक्ष चुनाव हुआ तो विपक्ष का एक भी उम्मीदवार नहीं जीता।

#### चैंबर घोटाले की जांच होगी

दीपक हुड्डा ने कहा कि यहां पहले के समय में चैंबर घोटाला किया गया। इस दौरान खातों में हेराफेरी की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि दुकानदारों के पास रसीदें हैं लेकिर बार के खाते में पैसा नहीं है।

उन्होंने पूर्व प्रधान पर कैंटीन से 5 लाख रुपये लेने के आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला बार एसोसिएशन में डोनेशन का पैसा आता है। अधिवक्ताओं की वार्षिक फीस जमा की जाती है लेकिन उसका पूरा हिसाब नहीं है। अब पाई पाई का हिसाब लिया जाएगा।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते चुनाव अधिकारी प्रदीप मलिक व काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा के चेयरमैन डा. विजेंद्र अहलावत। फोटो : हरिभूमि

#### अधिवक्ताओं की समस्याओं का होगा समाधान

प्रधान दीपक हुड्डा ने कहा कि उनकी कार्यकारिणी बार एसोसिएशन में पूरी ईमानदारी और मेहनत से कार्य करेगी। यहां कोई भी सार्वजनिक महिला शौचालय नहीं है। जल्द ही शौचालयों का निर्माण करवाया जाएगा। डीसी की कोठी 4 एकड़ में, जिसे बार को देने की मांग की जाएगी। इससे वहां पार्किंग की समस्या का समाधान हो जाएगा।

#### निष्पक्षता के साथ करवाए गए चुनाव

काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा के चेयरमैन डा. विजेंद्र अहलावत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रोहतक बार एसोसिएशन के चुनाव की निष्पक्षता की पूरे हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ में तारीफ हुई है। चुनाव के दिन एक भी शिकायत नहीं आई। उन्होंने बताया कि काउंसिल के साथ एक लाख 54 हजार वकील जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद रूल्स बनाए गए थे और उन्हीं रूल्स के हिसाब से चुनाव हुए। बार काउंसिल के पास जो भी आपत्ति आई, सभी पर निर्णय लिया गया। चुनाव से एक दिन पहले रात के समय भी नियमों के अनुवार वोट जोड़े गए।



**रोहतक।** नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित के दौरान चुनाव अधिकारी प्रदीप मलिक व बार के चेयरमैन डा. विजेंद्र अहलावत व अन्य अधिकारी।

#### फर्जी मतदान रोका गया: प्रदीप मलिक

चुनाव अधिकारी प्रदीप मलिक ने दावा किया कि चुनाव पूर्ण रूप से पारदर्शिता के आधार पर हुआ। इस दौरान पूरा ध्यान रखा गया कि किसी भी वोटर को कोई दिक्कत न हो। फर्जी मतदान न हो, इसके लिए आधार कार्ड स्कैनर मशीन लगवाई गई। पूरी चुनाव प्रक्रिया का 2 बड़े स्क्रीन पर टेलीकॉस्ट किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा की ओर से नियुक्त 2 पर्यवेक्षक भी मौजूद रहे। मलिक ने कहा कि यह चुनाव बार काउंसिल के रूल्स के हिसाब से हुए। वकीलों की नाराजगी के बावजूद किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया गया। इस दौरान उनके साथ मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ वकील गूगन सिंह हुड्डा, व वरिष्ठ वकील ओपी पूनिया और सहायक चुनाव अधिकारी अनिल शर्मा भी मौजूद थे।

#### पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित

इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। 9 मार्च को चुनाव कमेटी ने प्रधान पद के उम्मीदवार अरविंद कुमार श्योराण का लाइसेंस निलंबित होने पर दीपक हुड्डा को प्रधान घोषित कर दिया था। जबकि एक दिन पहले बार एसोसिएशन के 4 पदों के लिए चुनाव हुआ था। इस चुनाव में उपप्रधान पद पर अजय ओहल्याण, महासचिव पद पर राजकर्ण पंघाल, संयुक्त सचिव पद पर डिंपल व लाइब्रेरी इंचार्ज पद पर अनिल ने जीत हासिल की थी।

---

### शाह से मिले रामचंद्र जांगडा



#### सांसद जांगडा ने पिछड़ा वर्ग कल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर शाह से चर्चा की

**महम।** राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगडा ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और हरियाणा में नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत के लिए बधाई दी। सांसद रामचंद्र जांगडा ने पिछड़ा वर्ग कल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर अमित शाह से चर्चा की। सांसद जांगड़ा हरियाणा और हलका महम से जुड़े मुद्दों को समय समय पर केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करते रहते हैं। इसी कड़ी में उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की। अमित शाह ने उनकी बातों को ध्यान से सुना और जरूरी मांगों को पूरा करने आश्वासन दिया।

## एमडीयू में आज शुरू होगा 11 दिवसीय रंग महोत्सव

- समापन सत्र 19 मार्च को शाम 4 बजे एफडीसी लॉन में आयोजित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 19 मार्च को बहुरंगीय महोत्सव रंग महोत्सव प्रारंभ होगा। इस कड़ी में एफडीसी लॉन में 19 मार्च को रंग बहार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवं रंग महोत्सव के संयोजक प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि एनसीसी डायरेक्टरेट पीएचएचपी एंड सी, चंडीगढ़ के एडीजी मेजर जनरल जगदीप सिंह चीमा बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। कुलसचिव डा. कृष्णकांत बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे एफडीसी लॉन से प्रारंभ होगा।रंग बहार कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. विनीता हुड्डा ने बताया कि रंग महोत्सव के तहत 19 मार्च को आयोजित किए जाने वाले फ्लावर फेस्टिवल रंग बहार के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस कार्यक्रम के शानदार आयोजन के लिए आयोजन समिति दिन-रात जुटी है। उन्होंने बताया कि रंग बहार कार्यक्रम के समापन सत्र में भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। समापन सत्र 19 मार्च को शाम 4 बजे एफडीसी लॉन में आयोजित किया जाएगा।

---

### जांच में जुटी पुलिस टीमें, हत्या के कारणों का नहीं हो सका खुलासा

## निंदाना गांव में युवक की हत्या, सुबह प्राइवेट स्कूल के पास पड़ा मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

मंगलवार सुबह निंदाना गांव में एक निजी स्कूल के पास युवक की हत्या कर दी गई। इसके बाद हत्यारों ने शव फेंक दिया। जैसे ही ग्रामीणों ने शव को देखा तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सिर पर चोट के निशान हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही महम के डीएसपी संदीप कुमार व थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव के एक युवक का मोबाइल वारदात स्थल पर मिला है। पुलिस उस युवक से पूछताछ कर रही है। गांव में लगे हुए सीसीसीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। युवक की पहचान, निवासी 35 वर्षीय रविंद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। हत्या की आशंका को ध्यान में रखते हुए एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। एफएसएल इंचार्ज डॉक्टर सरोज दहिया और पुलिस अधिकारियों ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चल पाएगा कि युवक की मौत कैसे हुई है। ग्रामीण सुबह उठे तो निंदाना गांव की दक्षिण दिशा में स्थित केसीएम स्कूल के पास बिटौड़ों के नजदीक एक युवक का शव लहुलुहान अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक की पहचान की।





**महम।** निंदाना में युवक के शव के पास साक्ष्य जुटाती एफएसएल व पुलिस की टीमें।

#### की जा रही जांच

वारदात स्थल से सबूत जुटाए गए हैं। पुलिस टीम जांच कर रही है। मृतक के परिजनों ने शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। हत्या के कारणों का खुलासा बाद में किया जाएगा। फिलहाल पुलिस की जांच चल रही है। दोषियों का पता लगाकर जल्द ही उन्हें काबू कर लिया जाएगा।

-सत्यपाल सिंह, थाना प्रभारी

### निजी होटल में पार्टी के दौरान कुछ व्यक्तियों ने की फायरिंग, केस दर्ज

**रोहतक।** गांव खरावड़ के पास निजी होटल में पार्टी के दौरान कुछ लोगों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने शिकायत के अधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। गांव खरावड़ पुलिस चौकी को दी शिकातय में वीरेंद्र ने बताया कि वह बामल अस्पताल वाली गली न्यू बस स्टैंड का रहने वाला है। 17 मार्च को मेरे लड़के व मेरे भतीजे की पार्टी गांव खरावड़ के पास निजी होटल में थी। मैंने सतीश निवासी गावं भाली व सजंय निवासी गावं बालंद को भी पार्टी में बुलाया हुआ था। इस दौरान सजंय बालंद के साथ अन्य तीन व्यक्ति भी आए हुए थे। उन्होंने पार्टी के दौरान काफी फायरिंग की। इसके बाद मैंने उनकों समझाया कि माहौल खराब हो जाएगा, फायरिंग को रहने दो, लेकिन वें नहीं माने और गेट के बाहर निकलने के बाद सतीश ने अपने दोस्तों से पिस्तोल ली और मेरे ताऊ के लड़के के उपर तानी और बार-2 समझाने के बाद भी नहीं माने और फायरिगं करके भाग गए।

### सड़क पर जलभराव से दिक्कत



**रोहतक।** सिविल रोड स्थित अप्पू घर के पास रोजाना पानी भरा रहता है जिससे आने जाने वाले व दुकानदार दिक्कत होती है। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते है। लेकिन कोई ध्यान नहीं देता है। फोटो: हरिभूमि

### सांपला के 13 वार्ड के लोगों को मिली जर्जर गलियों से राहत

**सांपला।** नगर पालिका के वार्ड- 13 के लोगों को लंबे समय से टूटी गलियों व सीवर की समस्या के समाधान का इंतजार था। अब वार्ड के लोगों को इस समस्या से निजात मिल गई। पार्षद अंकित ओहल्याण ने प्रयास कर गली का निर्माण करा दिया है। बस्ती के लोगों ने बताया कि गली खस्ता हालत में थी। घरों का गंदा पानी जमा रहता था। अब तो हालात ये बने थे, कि निकलना मुश्किल हो रहा था। बदहाल सफाई व्यवस्था भी वार्ड वासियों की परेशानी बढ़ा रही थी। शिवा हाई स्कूल के पिछले गेट के साथ वाली गली टुटी हुईं थीं। यह गली बस्ती के आर- पार निकलती है। लंबे समय से लोग गली निर्माण का इंतजार कर रहे थे। अनुराग , बसंत कुमार का कहना है कि बरसात के कारण गलियों में पानी खड़ा हो जाता था। लोगों ने पार्षद का आभार व्यक्त किया है। पार्षद अंकित कुमार ओहल्याण का कहना है कि उनका प्रयास है कि लोगों को बिजली पानी, साफ व पक्के रास्ते की सुविधा उपलब्ध हो।

---



**रोहतक।** मीटिंग को सम्बोधित करते कामरेड़ प्रकाशचन्द्र। फोटो : हरिभूमि

### मांगों को लेकर सम्मेलन में गरजीं मिड-डे मील वर्कर्स

**रोहतक।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू व सहयोग सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का त्रिवार्षिक चौथा जिला सम्मेलन स्थानीय सुखपुरा चौक स्थित प्रभात भवन में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बबीता को प्रधान, रीना को सचिव और प्रकाशचंद्र को कोषाध्यक्ष समेत 19 सदस्यीय कमेटी का चुनाव किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सीटू के प्रांतीय उपाध्यक्ष सतबीर सिंह ने कहा कि देश में करीबन 25 लाख व हरियाणा में सरकारी स्कूलों में करीबन 30 हजार मिड डे मील वर्कर्स कार्यरत हैं। वर्कर्स लंबे समय से अपनी ज्वलन्त मागों व समस्याओं को लेकर सरकार से अपील करते रहे व आन्दोलनरत भी रहे लेकिन मागों व समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ। केन्द्रीय बजट में भी मिड डे मील वर्करों के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। उल्टे बजट में कटौती की गई है। उपाध्यक्ष सतबीर सिंह ने बताया कि राज्य की मजदूर आबादी जो 26000 रुपये न्यूनतम वेतन की मांग कर रही है। मनरेगा में मजदूरी 800 रुपए की मांग कर रही है। लेकिन वित्तमंत्री द्वारा इस बारे एक शब्द भी नहीं बोला गया। कानूनी रूप से न्यूनतम वेतन 5 साल पहले रिवाइज होना चाहिए था, जो नहीं किया जा रहा। उन्होंने 2047 तक राज्य के 50 लाख युवाओं को रोजगार देने को जुमला करार देते हुए कहा कि यह छलावा भर है।

**कार्रवाई** अनाधिकृत विज्ञापन लगाने वालों पर निरंतर की जाए कार्रवाई: नगर आयुक्त

## हिसार रोड पर सीलिंग के लिए पहुंची निगम की टीम 5 संपत्ति मालिकों को दिया एक सप्ताह का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा सम्पत्तिकर बकायादारों के विरूद्व नगर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। सम्पत्तिकर अधिक से अधिक जमा करवाने के लिए सख्ती से कार्य किया जा रहा है। निगम की टीम सम्पत्तिकर बकायदारों पर वसूली कार्रवाई के लिए मंगलवार को हिसार रोड, श्याम कालोनी, जींद चौक इत्यादि क्षेत्रों में सीलिंग की के लिए पहुंची। 5 सम्पत्तियों पर कार्रवाई के लिए प्रक्रिया शुरू की थी कि संपति मालिकों के अनुरोध पर उन्हे एक सप्ताह का समय दिया गया। ताकि वे बिलों के रिकार्ड की त्रुटि ठीक करवा सकें। निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि टीम को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सीलिंग की कार्रवाई निरंतर जारी रखे। जिन सम्पत्ति बिलों के रिकार्ड में त्रुटि है उसको तुरंत ठीक करवाया जाए। इधर मंगलवार को जिला नगर आयुक्त आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने की अध्यक्षता में नगर निगम एवं नगर पालिकाओं के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें नगर निकायों के कार्यो एवं योजनाओं के बारे विचार-विमर्श हुआ। मीटिंग में आयुक्त द्वारा बताया गया कि अधिक से अधिक सम्पत्तिकर जमा करवाने हेतु प्रयत्न करें। संपत्तिकर बकाया भुगतान एंव अदेय प्रमाण पत्र पोर्टल के कार्य को गंभीरता पूर्वक लेकर उन पर आमजन से प्राप्त आवेदनो का निपटान जल्द से जल्द करें। ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अवैध विज्ञापन जैसे कि होर्डिंगस/फ्लैक्स, पोस्टर आदि लगाने वालों के विरूद्व हरियाणा प्रीवेन्शन ऑफ डिफेसमेन्ट आफ प्रोपर्टी एक्ट 1989 व विज्ञापन नीति के तहत कार्रवाई की जाये। सरकार द्वारा जारी विज्ञापन निति के तहत नई साईटों को चिन्हित किया जाये। अन्य विभागों का भी इस बारे जागरूक किया जाये कि वे विज्ञापन के स्थान चिन्हित कर उनकी सूचि नगर निगम में उपलब्ध करवाये। ताकि उन द्वारा चिन्हित साईट/स्थानों को सरकार के विज्ञापन पोर्टल पर अपडेट किया जा सके।



#### संपत्ति के रिकार्ड की जांच करें



आयुक्त ने कहा कि आबादी देह तथा लाल डोरा के कार्य में तेजी लाई जाये। इसके अर्न्तगत आने वाली सम्पत्तियो के अधिभोगियो से अपील है कि वे अपनी सम्पत्ति के रिकार्ड की जांच करें। यदि आपकी सम्पत्ति का विवरण सही है तो सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करे क्योकि सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित होने उपरांत ही नगर निगम, रोहतक द्वारा आपको सम्पत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। बैठक में संयुक्त आयुक्त नमीता कुमारी, उपनिगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह, वरिष्ठ लेखा अधिकारी देवेन्द्र सिंह, नगर अभियंत सत्यव्रत, शांत सुहाग, सुनिल कुमार, तरूण कुमार, विरेन्द्र हुड्डा, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी जगबीर सिंह, शहरी परियोजना अधिकारी जगदीश चन्द्र, भवन निरीक्षक रवि कुमार व पालिकाओ के अधिकारी उपस्थित रहे।



# 'सिकंदर' का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का गाना 'नाचे सिकंदर' रिलीज हो गया है। गाने ने आते ही फैंस के बीच हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका टीजर जारी किया गया था, जिसकी वजह से प्रशंसक पहले से ही काफी ज्यादा उत्साहित थे। इस गाने में सलमान अपने खास अंदाज और जोरदार डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा गए हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी खूबसूरती और बेहतरीन डांस से उनका भरपूर साथ दिया है। गाने के हुक स्टेप्स मशहूर 'डबके' डांस से प्रेरित हैं।शानदार सेट्स और तुर्की के मशहूर डांसर्स की मौजूदगी ने इसे गाने में चार चांद लगा दिए हैं। कोरियोग्राफर अहमद खान ने इसमें तुर्की स्टाइल जैसा फील डाला है, जिसकी वजह से गाना और भी ज्यादा खास बन गया है। गाने का म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। समीर ने इसके बोल लिखे हैं।

लाइफ Style



# समीरा

## जिम और डाइट से हासिल की फिटनेस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट यहां शेयर करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में फैंस को बताया। साथ ही यह खुलासा भी किया कि उनका वजन बहुत ज्यादा कम नहीं हुआ है, बल्कि उनके इंचेज कम हुए हैं।


समीरा रेड्डी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसमें अपनी फिटनेस को लेकर खुशी जताती नजर आईं। समीरा रेड्डी पर्पल ट्राउजर और व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं, जिसके साथ व्हाइट ब्लेजर कैरी किया है। समीरा रेड्डी ने बताया कि उन्होंने जिम, कार्डियो और डाइट के जरिए यह फिटनेस हासिल की है। वे अब काफी फिट और मजबूत महसूस कर रही हैं। समीरा रेड्डी ने अपने पोस्ट में बताया कि आखिरकार कपड़े फिट आने लगे हैं। हालांकि, इस फिटनेस यात्रा में उनके वजन में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया है। उनका वजन 90 किलो से 88 किलो हो गया है। यानी सिर्फ दो किलो का अंतर आया है। लेकिन, उनके इंच घटे हैं। समीरा रेड्डी ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'किलो नहीं, इंच कम हुए हैं। 'जिम, डाइट और कार्डियो से वजन में ज्यादा बदलाव नहीं आया है, लेकिन इंच में जरूर बदलाव आया है, जो कि मैं चाहती हूं। हालांकि, मैं 90 किलो से 88 किलो पर आ गई हूं। मेरी मसल्स बढ़ी हैं। मैं अब ज्यादा मजबूत महसूस करती हूं। स्टेमिना बढ़ गया है और कपड़े भी अब फिट आ रहे हैं'। समीरा ने आगे लिखा, 'छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाना इस फिटनेस यात्रा में उत्साह और जोश बनाए रखने का सबसे बढ़िया तरीका है'।

## हॉलीवुड मसाला



# गला घोंटने की बात स्वीकारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन मेजर्स को अपनी पूर्व प्रेमिका ग्रेस जब्बारी को परेशान करने के मामले में दोषी पाया गया था। अब इस मामले में इन दोनों के बीच के झगड़े का एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आया है, जिसमें अभिनेता उन्हें उत्पीड़न करने और गला घोंटने की बात स्वीकार कर रहे हैं। यह ऑडियो सितंबर 2022 का बताया जा रहा है। इसमें जब्बारी ने अभिनेता जोनाथन से बात करते हुए अपने ऊपर किए हमले को लेकर सवाल किया है।



# अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा। यह 2025 का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला प्राइम टाइम एंटरटेनमेंट शो भी था। इस बार के ऑस्कर अवॉर्ड में कॉनन की होस्टिंग की, कॉमेडी की काफी तारीफ हुई।



# तापसी ने कहा -मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला

**मुंबई।** कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक'की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, 'उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था।



# करण ने किया खुशी व इब्राहिम का बचाव

**मुंबई।** सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है। यहां उनसे 'नादानियां' को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने 'नादानियां' की आलोचना पर कहा, 'मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें, बीत न जाए रैना'।

## टीवी मसाला




# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आने वाले हैं कई ट्विस्ट

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में फिर एक बार 5 महीने का लीप आने की खबर है। जानकारी के मुताबिक मेकर्स शो में कुछ बड़े ट्विस्ट लाने जा रहे हैं ताकि यह टीआरपी ग्राफ पर फिर नई छलांग लगा सके। अरमान और अभिरा आईवीएफ के जरिए अपने परिवार की नई शुरुआत करना चाहते थे लेकिन बार-बार कंसीव करने की उनकी कोशिश नाकाम रहेगी। दोनों आईवीएफ ट्रीटमेंट ट्राय करेंगे लेकिन यह भी फेल हो जाएगा। डॉक्टर दोनों को सरोगेसी की सलाह देगी लेकिन अरमान इस पर राजी नहीं होगी। अभिरा बार-बार उसे समझाने की कोशिश करेगी लेकिन अरमान नहीं चाहता कि अभिरा के अलावा कोई और उसके बच्चे की मां बने। अभिरा अपने पति अरमान को राजी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वह अरमान को बताएगी कि वह अब मां बनना चाहती है और इसके लिए कुछ भी करने को तैयार है। आखिरकार अरमान को अपनी पत्नी के आगे झुकना होगा। दोनों सरोगेट मदर की तलाश शुरू करेंगे और आखिरकार उन्हें एक लड़की इसके लिए मिल जाएगी। यह लड़की कोई और नहीं, बल्कि रोहित की पत्नी रूही होगी। दोनों इसी लड़की के साथ अपने ट्रीटमेंट को आगे बढ़ाने का फैसला लेंगे। रोहित भी इसके लिए राजी हो जाएगा और अरमान-अभिरा के दर्द और उनकी जरूरत को समझेगा कि दोनों अभी किस तकलीफ से गुजर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक कहानी में 5 महीने का लीप आएगा और कहानी आगे बढ़ जाएगी।

## सामने आएगा वसुंधरा का काला सच फूटेगा अनुपमा के गुस्से का ज्वालामुखी

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। अनुपमा की बेटी राही का एडमिशन इंटरव्यू लेटर जला देने के बाद मोटी



बा ऐसी अनजान बनी बैठी है, जैसे उन्हें कुछ पता ही नहीं हो। होली पार्टी के दौरान प्रेम को मैसेज के जरिए इंस्टीट्यूट से यह पता चलेगा कि उन्हें लेटर भेजा गया था और इसे किसी ने उनके यहां से रिसीव भी किया था। इंस्टीट्यूट बताएगा कि उनका एडमिशन कैंसिल कर दिया गया है क्योंकि वो दोनों इंटरव्यू के लिए नहीं पहुंचे थे। मोटी बा यह सब देख रही होगी लेकिन चुपचाप बैठी रहेगी। लेकिन वहीं पर मौजूद अनुपमा वसुंधरा कोठारी के हावभाव पढ़ लेगी। मोटी बा की कही पुरानी बातों को उसके वर्तमान हावभावों से जोड़कर देखते हुए अनुपमा समझ जाएगी कि हो ना हो, वसुंधरा कोठारी इस मामले में कुछ ना कुछ तो जरूर जातनी हैं। क्योंकि अनुपमा खुद भी अपनी सास की ऐसी हरकतें देख चुकी है, इसलिए भी उसे मोटी बा पर शक होगा।

# रेखा के काफी नखरे थे, अमिताभ के साथ नहीं थे अच्छे संबंध...

**नई दिल्ली।** रेखा हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से थीं और यही वजह है कि हर डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म में लेना चाहता था। अब रेखा को लेकर इंडियन सिनेमा का पॉपुलर विलेन रंजीत ने कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने रेखा को अपनी फिल्म के लिए साइन किया था, लेकिन फिर उन्होंने एक्ट्रेस से साइनिंग अमाउंट वापस मांगा। ऐसा क्यों हुआ आगे बताते हैं।





***रेखा को किया साइन :*** रंजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह परेशान हो गए थे उन रोल को लेकर जो उन्हें ऑफर किए जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने एक दशक तक फिल्में साइन नहीं की। मैं परेशान हो गया था, इसलिए मैंने अपनी फिल्में बनाने का सोचा। मैं एक्टर्स को पैसे देते थे उनके काम के बाद, लेकिन कुछ मुझसे नहीं लेते थे जो हमारे बीच बॉन्ड होता था उस वजह से। वैसे ही मैंने एक बार रेखा को बोला कि आप मेरी दोस्त हो, लेकिन मैं आपको एक फिल्म में लेना चाहता हूं। आप मुझे एक अमाउंट बता दो और मैं आपको पैसे दे दूंगा और उन्होंने बताया। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी और ने जिन्होंने उन्हें अपनी किसी फिल्म में साइन किया होगा वह उन्हें 5 लाख दे रहे हैं और ये अमाउंट उससे कम था जो उन्होंने मुझे बताया था।' रंजीत ने आगे कहा, 'मुझे पता है कि उनके घर के बाहर प्रोड्यूसर्स की लाइन होती है जो उनसे मिलने चाहते हैं। मैंने जब उन्हें स्टोरी बताई, मेरी पूरी टीम बाहर इंतजार कर रही थी क्योंकि रेखा ने सबको नहीं आने दिया था। मैंने रेखा को बोला भी, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें बाहर ही इंतजार करने दो। सिर्फ फरजाना (रेखा की मैनेजर) ही सबके मैसेज रेखा तक पहुंचाती थी। वह किसी से नहीं मिलती थीं।'

# पहली फिल्म से रातोंरात स्टार बने नवीन निश्चल

## पहली पत्नी ने दिया तलाक-दूसरी की वजह से गए जेल

**नई दिल्ली।** नवीन निश्चल ने हिंदी सिनेमा में अपनी एक खास पहचान बनाई। उनका जन्म 18 मार्च 1946 को लाहौर में हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 1970 में फिल्म 'सावन भादो' से की थी। नवीन निश्चल का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने सिनेमा में शानदार योगदान दिया, तो दूसरी ओर उनकी निजी जिंदगी चर्चा का विषय बनी रही। उनका फिल्मी सफर और पर्सनल लाइफ आज भी लोगों के लिए बीच जिज्ञासा का विषय है।



### नवीन का कॅरियर

नवीन निश्चल ने फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से अभिनय की शिक्षा ली और वह एफटीआईआई के फर्स्ट गोल्ड मैडलिस्ट रहे। उनकी पहली फिल्म 'सावन भादो' थी। इस फिल्म में नवीन की को-स्टार रेखा थीं। यह फिल्म हिट रही। इस सफलता ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद नवीन ने विक्टोरिया नंबर 203 , बुड्ढा मिल गया, धुंध, हंसते जख्म और परवाना जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नवीन की आखिरी फिल्म खोसला का घोसला थी, जिसमें उन्होंने सहायक किरदार निभाया था।

### टीवी में किया अभिनय

नवीन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेट पर नवीन के नखरे और सह-कलाकारों और निर्माताओं के साथ तनाव की वजह से उनकी लोकप्रियता कम हुई। बाद में उन्होंने टीवी की ओर रुख किया और देख भाई देख जैसे शो में काम किया।

### दो शादी और तलाक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नवीन ने अपनी पहली शादी अभिनेता देव आनंद की भतीजी नीलू कपूर से की थी। इस शादी से उनकी दो बेटियां, नताशा और नोमिता हुईं। हालांकि, उनके को-स्टार पद्मिनी कपिला के साथ कथित अफेयर की खबरों के बाद नीलू ने उन्हें तलाक दे दिया। इसके बाद 1996 में नवीन ने गीतांजलि से दूसरी शादी की। यह रिश्ता भी विवादों में रहा। 2006 में गीतांजलि ने आत्महत्या कर ली और अपने सुसाइड नोट में नवीन पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में नवीन को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

## सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं, हॉलीवुड में भी थे एक जाना-पहचाना चेहरा

# बाल कलाकार के रूप में कॅरियर शुरू कर फिल्मों में चमके थे शशि कपूर

*नई दिल्ली। शशि कपूर अपने जमाने में बॉलीवुड के सुपरस्टार थे। अपनी अदाकारी से वह फिल्मों में जान डाल देते थे। उन्होंने देश-विदेश में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था और इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। जब शशि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तब हिंदी सिनेमा को बहुत बड़ा झटका लगा था। आज भी उनकी फिल्में और डायलॉग लोगों के दिलों में जिंदा हैं। मंगलवार को अभिनेता की 87वीं जयंती थी।*



**परिवार :** शशि कपूर हिंदी सिनेमा के सबसे पहले और सबसे बड़े परिवार 'कपूर खानदान' की दूसरी पीढ़ी का हिस्सा थे। शशि कपूर के निधन के साथ ही पृथ्वीराज कपूर के परिवार की दूसरी पीढ़ी का अंत हो गया, क्योंकि शशि पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे थे। उन्होंने मशहूर अभिनेत्री जेनिफर केंडल से शादी की। इस शादी से उन्हें तीन बच्चे कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर पैदा हुए। कुणाल कपूर ने शीना सिप्पी से शादी की। शीना मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक रमेश सिप्पी की बेटी हैं। उन्होंने अपने बेटे का नाम सिनेमा में कपूर खानदान की नींव रखने वाले पृथ्वीराज कपूर के नाम पर रखा, जहान पृथ्वीराज कपूर है। उनकी बेटी का नाम सायरा है। शशि कपूर के दूसरे बेटे करण कपूर ने लोरना से शादी की और जाक कपूर और आलिया कपूर नाम के उनके दो बच्चे हैं। शशि कपूर की तीसरी संतान संजना कपूर ने दो शादियां कीं। पहली शादी उन्होंने निर्माता-अभिनेता आदित्य भट्टाचार्य से की। दूसरी शादी उनकी वाल्मीक थापर से हुई, इस शादी से उन्हें एक बेटा हमीर थापर है।

### बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर

शशि कपूर ने दीवार, कभी-कभी, नमक हलाल, सत्यम शिवम सुंदरम, शर्मीली और शान जैसी कुछ ब्लॉकबस्टर फिल्मों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। शशि कपूर उन चंद बॉलीवुड अभिनेताओं में से एक थे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में सफलतापूर्वक कदम रखा। उन्होंने 12 अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया। उन्होंने मर्चेंट-आइवरी प्रोडक्शंस के साथ बड़े पैमाने पर सहयोग किया, जिसमें द हाउसहोल्डर, शेक्सपियर वाला, बॉम्बे टॉकी, हीट एंड डस्ट जैसी प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया। शशि कपूर की लोकप्रियता सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं थी, वे हॉलीवुड में भी एक जाना-पहचाना चेहरा थे।

### कॅरियर

शशि कपूर अपने कॅरियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने अपने पिता पृथ्वीराज कपूर द्वारा निर्देशित और निर्मित नाटकों में अभिनय किया और बाद में 1940 के दशक के अंत में शशिराज के नाम से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की। बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा (1951) में थीं, जहां उन्होंने अपने बड़े भाई राज कपूर द्वारा निभाए गए किरदारों की युवा भूमिकाएं निभाई थीं।

***प्रोडक्शन हाउस :*** *शशि कपूर ने 1970 के दशक के अंत में फिल्म वालास नाम से अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस स्थापित किया। इस बैनर के जरिए उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में बनाईं, जो कमर्शियल बॉलीवुड मसाला फिल्मों के बजाय सार्थक और ऑफबीट सिनेमा पर केंद्रित थीं। फिल्म वालास के तहत निर्मित कुछ बेहतरीन फिल्मों में जुनून, कलयुग, विजेता, 36 चौरंगी लेन और उत्सव शामिल हैं।*

***उपलब्धियां :*** *2011 में शशि कपूर को कला-सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए।*

## खबर संक्षेप



### गढ़ी मौहल्ला में मारपीट मामले में छह गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गढ़ी मौहल्ला में युवकों द्वारा मारपीट कर तोड़फोड़ की वारदात में 6 आरोपियों को गिरफ्तार कि या है। आरोपियों को कोर्ट में करके एक दिन के रिमांड पर हासिल किया गया। रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है। पुरानी थाना सब्जी मंडी प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि गढी मौहल्ला निवासी कुंदन की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 14 मार्च को कुंदन अपनी पत्नी के साथ घर के बाहर बैठे हुए थे। उसी समय अजय, अमित, चिराग, डीसी व अन्य 10-15 युवक लाठी डंडो के साथ आए। युवकों ने कुंदन व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की।

### नहीं रहे गुरुकुल झज्जर के स्नातक डॉ. अग्रवाल

**रोहतक।** गुरुकुल झज्जर के यशस्वी स्नातक, संस्कृत के उद्भट विद्वान, वेद-वेदांग मर्मज्ञ, प्रामाणिक लेखक, आर्य समाज के प्रभावशाली वक्ता, पतंजलि



विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डा. महावीर अग्रवाल का गत सोमवार को निधन हो गया। 74 वर्षीय डॉ. अग्रवाल का बेंगलुरु में उपचार चल रहा था। इन्होंने पतंजलि विश्वविद्यालय से पूर्व, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार में प्रोफेसर एवं कुलसचिव , उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के अध्यक्ष एवं उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति आदि महत्त्वपूर्ण पदों को सुशोभित किया ।

### ट्रस्ट जरूरतमंद छात्रों की निःशुल्क पढ़ाई करवाएगा

**रोहतक।** माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 20 वर्षों से गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आर्थिक स्थिति से कमजोर छात्र-छात्राओं की पढ़ाई निशुल्क करवा रहा है और इस वर्ष भी बच्चों की पढाई निशुल्क करवाएगा। पांचवी से दसवीं के छात्र-छात्राएं ट्रस्ट की नई बिल्डिंग जो कि जो कि जांगड़ा स्कूल के पास है प्रवेश परीक्षा फार्म यहां से लेकर 10 अप्रैल तक जमा करवाए जो कि हमने पहले फार्म जमा करवाने की तारीख 20 मार्च रखी थी। प्रबंधन समिति ने फार्म जमा करवाने की तारीख 20 मार्च से बढ़ा कर 10 अप्रैल कर दी है। प्रवेश परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को साक्षात्कार के पश्चात ट्रस्ट परिवार में शामिल किया जाएगा। ट्रस्ट उनकी पढ़ाई, संबंधित सामग्री जैसे किताबे, कापियां, ड्रैस, मुफ्त उपलब्ध करवाएगा।

### सांस्कृतिक व आध्यात्मिक कार्यक्रमों में दिखाई प्रतिभा

**रोहतक।** समर्थगुरु धाम, मुर्थल में आयोजित छह दिवसीय महोत्सव में रोहतक के साधक शामिल हुए। पहले दिन डॉक्टर प्रमवीर, अनहद, विजय, मोनिका, आशा, सीमा, आरती और पूनम सहित कई साधकों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। अब तक हरियाणा, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के साधक अपनी प्रस्तुतियां दे चुके हैं।महोत्सव में विभिन्न राज्यों से 400 से अधिक साधक हिस्सा ले रहे हैं, जो सांस्कृतिक के साथ-साथ आध्यात्मिक सत्रों में भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। माला दीक्षा समारोह में भी साधकों ने समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया से आशीर्वाद लिया।

### शिवाजी कॉलोनी में घर के बाहर से बाइक चोरी

**रोहतक।** शिवाजी कॉलनी स्थित एक युवक की घर के बाहर से बाइक चोरी कर ली गई। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस को दी शिकायत में सुमित ने बताया कि वह भिवानी चुंगी शिवनगर का रहने वाला है। 16 मार्च की रात को मैं अपनी बाइक अपने घर के बाहर खड़ी करके सो गया था। 17 मार्च की सुबह बाइक घर के बाहर नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### निगम ने किया था 3400 बंदर पकड़ने का दावा

# बंदरों के भय से लोग परेशान, नहीं हो रहा समस्या का कोई समाधान

**बंदर झपट्टा मारकर हाथों से खाने-पीने के सामान की थैली को फाड़कर नुकसान पहुंचा रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक



भले ही नगर निगम 2018-19 में 41.65 लाख रुपये खर्च कर 3400 बंदरों को पकड़कर कलेसर के जंगल में छोड़ने का दावा कर रहा है। मगर हकीकत इससे अलग है। आए दिन शहर में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। न सिर्फ शहर के बीचों बीच बल्कि सेक्टर और कॉलोनियों के लोग इससे परेशान हैं। लोग आए दिन नगर निगम में बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की गुहार लगा रहे हैं।

मगर कोई सार्थक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, लाढ़ौत रोड, बसंत विहार, गुरुनानकपुरा, गोहाना अड्डा, रेलवे रोड, जवाहर नगर, गांधी कैंप, ओल्ड पावर हाउस, चिन्योट कॉलोनी, प्रेम चौक, झंग कॉलोनी समेत अन्य स्थानों पर बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। स्थिति यह हो गई है कि लोगों ने खुले में कपड़ा सुखाना तो दूर खुले में सामान रखना भी बंद कर दिया है। इसकी वजह बंदरों द्वारा सामान को क्षतिग्रस्त करना अथवा कपड़ों को फाड़ देना है। यही नहीं, बंदर हमलावर होते जा रहे हैं, जिसकी वजह से लोगों का खाने-पीने का सामान घर तक सुरक्षित पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। बंदर झपट्टा मारकर हाथों से खाने-पीने के सामान की थैली को फाड़कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। यही हालात सेक्टरों और कॉलोनियों में देखे जा रहे हैं। लेकिन शिकायतों के बाद भी इसका समाधान नहीं किया जा रहा है। यहीं नहीं पार्कों में भी बंदरों का जमघट लगा रहता है। बच्चों को खेलने तक नहीं जाने दिया जा रहा। बहुत बार बच्चों को काटा तक जा चुका है। बच्चों में भी भय का माहौल होने से बच्चे भी घरों से निकलना बंद कर गए हैं। ऐसे में समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।

#### केवल आश्वासन मिले

*नगर निगम हाउस की मीटिंगों में बंदरों से मुक्ति दिलाने का मामला कई बार उठाया गया। इसके अलावा कुत्तों का मामला भी रखा गया। अधिकारी केवल आश्वासन ही देते रहे। कई बार बंदर पकड़ने के लिए टेंडर दिए गए लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा।*

*-कदम सिंह अहलावत, पूर्व पार्षद*

#### तिलयार पर आने वाले पर्यटक तक बंदरों की दहशत में

*तिलयार झील पर बंदरों के उत्पात से यहां आने वाले मेहमान परेशान हो चुके हैं। उनके लिए बंदर परेशानी का सबब बने हुए हैं। पर्यटकों के पास थैला देखकर बंदर झपट पड़ते हैं। थैला नहीं देने पर वे हमलावर हो जाते हैं। पर्यटकों की शिकायत के बाद भी अधिकारियों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इतना ही नहीं पार्किंग क्षेत्र में खड़े किए जाने वाले वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर देते हैं।*

# डेयरी प्रसंस्करण की ली जानकारी

- सीएमबीटी के विद्यार्थियों ने वीटा मिल्क प्लांट का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) के विद्यार्थियों के दल ने कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सहयोग से डेयरी प्रसंस्करण में जैव प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों के बारे में विद्यार्थियों की समझ बढ़ाने के लिए इंडस्ट्रियल विजिट के तहत वीटा मिल्क प्लांट रोहतक का का दौरा किया।

सीएमबीटी के कार्यवाहक निदेशक डॉ. हरि मोहन ने बताया कि इस शैक्षणिक दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। डॉ. हरि मोहन के नेतृत्व में 36 विद्यार्थियों के दल ने यह विजिट की।

#### विजिट में गुणवत्ता आश्वासन ढांचे के बारे में जाना

इस विजिट में विद्यार्थियों ने कच्चे दूध की खरीद से लेकर पाश्चुरीकरण, होमोजेनाइजेशन, गुणवत्ता नियंत्रण और पैकेजिंग तक दूध प्रसंस्करण पाइपलाइन का विस्तृत विवरण जाना। उद्योग विशेषज्ञों ने उन्नत प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों, कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल और उत्पाद अखंडता और उपभोक्ता स्वास्थ्य मानकों को बनाए रखने के लिए लागू किए गए गुणवत्ता आश्वासन ढांचे के बारे में गहन जानकारी प्रदान की।

# रंग महोत्सव का पोस्टर जारी

- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आज से ग्यारह दिन तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 19 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित किए जाने वाले रंग महोत्सव का पोस्टर लोकार्पण कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने किया।

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने रंग महोत्सव आयोजन टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह महोत्सव विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की प्रतिभा प्रदर्शन, अनुभवात्मक शिक्षण, क्षमता संवर्धन का विशिष्ट मंच है। लर्निंग बियोंड क्लासरूम की अवधारणा के तहत जीवन के विविध सृजनात्मक पहलुओं को विद्यार्थीगण रंग महोत्सव में आत्मसात करेंगे, ऐसा कुलपति का कहना था। रंग महोत्सव के संयोजक डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा ने रंग महोत्सव के विभिन्न इवेंट्स- रंग बहार, रंग सृजन, रंग सुर, रंग रास, रंग कलम, रंग व्यंजन तथा रंग तरंग बारे विस्तृत जानकारी दी। गौरतलब है कि 19 मार्च को फ्लावर फेस्टिवल रंग बहार का आयोजन होगा। रंग बहार में फूल तथा उद्यान संबंधित प्रतियोगिताओं के अलावा कार्यशालाओं का आयोजन रंग बहार में किया जाएगा। रंग महोत्सव के पोस्टर लोकार्पण समारोह में डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान, रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत, आदि उपस्थित रहे।

# श्रमिकों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन डीडीपीओ को सौंपा

- मासिक पेंशन की राशि एक से बढ़ाकर पांच हजार रुपये करने की रखी मांग
- ईएसआई की सीमा भी 21 से 42 हजार रुपये करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक




भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर मंगलवार को जिले के श्रमिकों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया।

इसमें संघ के जिला मंत्री राहुल कुमार बलियाना, जिला अध्यक्ष कुलदीप अत्री , अमन, महावीर, राहुल हुड्डा, सुरेश शर्मा, परवीन जांगड़ा, राकेश हुड्डा, रामपाल, मनोज रोहिला आदि ने बताया है कि कर्मचारियों के हित के लिए जो ईपीएफ पेंशन मिलती है, वह बहुत ही कम है। पेंशन से एक परिवार महीने में चाय तक नहीं पी सकता है। सरकार ने मासिक पेंशन की राशि एक से बढ़ाकर पांच हजार करनी चाहिए। पांच हजार रुपये कोई ज्यादा नहीं हैं। ऐसा श्रमिकों का कहना है। ईएसआई की सीमा भी 21 से 42 हजार करने की मांग ज्ञापन में की गई है।

# एनएसएस दल नैनीताल के लिए रवाना

- यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग कैंप में शामिल होगा एनएसएस का दल
- एमडीयू कुलसचिव ने हरी झंडी दिखाकर किया दल को रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक



रोहतक। एनएसएस दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एमडीयू के कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत। *फोटो: हरिभूमि*

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का दल यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग कैंप के लिए नैनीताल रवाना हुआ। एमडीयू के कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने हरी झंडी दिखाकर एनएसएस दल को रवाना किया। उन्होंने इस दल में शामिल एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर और एनएसएस स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लीडर वही होता है जो रास्ता जानता है, रास्ता दिखाता है और उस पर स्वयं चलता है।

उन्होंने कहा कि यह नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर युवाओं को आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता और टीम वर्क का महत्व सिखाएगा।

इस अवसर पर प्रो. विनीता हुड्डा (डीन, कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल), प्रो. हरीश दुरेजा (डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट), प्रो. दिव्या मल्हान (निदेशक, करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ), प्रो. सुरेंद्र यादव (समन्वयक, विश्वविद्यालय आउटरीच, यूटीडी) और डॉ. अंजू पंवार (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी) उपस्थित रहे।

#### 21 कॉलेजों के 28 स्वयंसेवक शामिल

एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग कैंप बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में एमडीयू के 21 विभिन्न संबद्ध कॉलेजों के 28 स्वयंसेवक नेतृत्व कौशल विकसित करने और सामुदायिक सेवा की भावना को सशक्त बनाने के लिए भाग ले रहे हैं। उन्होंने कॉन्टिन्जेंट इंचार्ज डॉ. अभिमन्यु मलिक (सीआरए कॉलेज, सोनीपत) तथा डॉ. प्रियंका सहरावत (अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़) को सफल नेतृत्व हेतु शुभकामनाएँ दीं।



रोहतक। पौधरोपण करते प्राचार्या इंदु सपरा, डॉ. मनीषा, डॉ पूजा व वॉलिंटियर्स।

### एनएसएस शिविर के दौरान किया पौधरोपण

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन मंगलवार की शुरूआत स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय प्राचार्या इंदु सपरा, डॉ. मनीषा, डॉ पूजा व अन्य अध्यापक के साथ योग व मेडिटेशन करके की। मुख्य वक्ता कप्तान अनिल रहे। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को डिसिप्लिन, लीडर और सर्विस, द कॉमन थ्रेड बिटवीन एंड विषयों पर एनएसएस वॉलिंटियर्स को प्रेरणादायक जानकारी दी। इसके बाद कप्तान अनिल के साथ मिलकर पौधरोपण किया।

# खुराना आई सेंटर आज लगाएगा पटवापुर में मुफ्त शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक



खुराना आई सेंटर बुधवार को गांव पटवापुर में लोगों की निशुल्क आंखों की जांच करेगा। सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में दवाईयां तथा चश्मे फ्री दिए जायेंगे। बीपी और शुगर टेस्ट भी मुफ्त में ही होंगे। ध्यान रहे कि एम्बुलेंस सेवा फ्री होगी। आयुष्मान कार्ड धारकों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन मुफ्त में होगा। कुम्हारों वाली चौपाल में आयोजित नेत्र जांच शिविर का निरीक्षण डॉ. एसपीएस भाटिया करेंगे। आई सेंटर के चिकित्सकों ने बताया कि हमारी आंखें एक जटिल संवेदी अंग हैं, और हमारी दृष्टि हमारे पास मौजूद सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक है। आंखों के कारण ही हम अपने आस-पास के वातावरण को देख और अनुभव कर सकते हैं। हालांकि, किसी भी प्रकार का नेत्र विकार बड़ी असुविधाएं पैदा कर सकता है। इसलिए हमें अपनी आंखों की देखभाल जरूर करनी चाहिए। नेत्र विकार जो किसी की दृष्टि को प्रभावित कर सकता है।

# बजट में शिक्षा व महिलाओं पर फोकस

- शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाएगा प्रदेश का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी की सहायक प्रोफेसर डॉ मीरा सिंह खरक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बजट में शिक्षा पर फोकस रखा है।

गांव में हर 10 किलोमीटर पर मॉडल संस्कृति स्कूल खोलने और हर जिले में एक महाविद्यालय को मॉडल संस्कृति महाविद्यालय बनाने की घोषणा स्पष्ट तौर पर शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेषतौर पर युवतियों की पढ़ाई को लेकर सरकार अधिक गंभीर दिखाई दे रही है।

#### छात्राओं को लाभ : मीरा



डॉ मीरा सिंह ने कहा कि इसी वजह से कल्पना चावला छात्रवृति योजना के अंतर्गत विज्ञान और इंजीनियरिंग में स्नातक और स्नाकोत्तर की पढ़ाई करने वाली छात्राओं को 1 लाख रुपये सालाना छात्रवृति दी जाने की घोषणा की गई है। वहीं 3 लाख से कम आय वाले परिवार की छात्राएं जोकि विवि के प्रांगणों में स्थित महाविद्यालयों में बीएससी कोर्सेस में पढ़ रही हैं, उनकी ट्यूशन फीस माफ की गई है। हरियाणा में महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना शुरू होगी। डॉ मीरा ने कहा कि बजट अभिभाषण में लाडो लक्ष्मी योजना/" का प्रावधान किया गया।

#### रोहतक को कई सौगातें मिली : ग्रोवर



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनहित में कई प्रोजेक्ट की सौगात रोहतक जिले को दी है। आगामी नए वित्त वर्ष में सभी काम धरातल पर शुरू हो जाएंगे। श्याम कॉलोनी के पास रेलवे लाइन अंडरपास का निर्माण होने से हजारों लोगों को राहत होगी। आवागमन का एक नया रास्ता मिलेगा। ड्रेन नंबर 8 पर नई सड़क को एक्सटेंड करने समेत कई प्रोजेक्ट भी शुरू होंगे। रोहतक के लोगों के जनहित में जो भी मांग आएगी, उन्हें सरकार के सहयोग से पूरा करवाने का काम किया जाएगा। सरकार बगैर किसी भेदभाव के हर वर्ग के हित में काम कर रही है।

**भाजपा द्वारा जारी बजट महज एक छलावा:** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ ने प्रदेश के मुख्यमन्त्री द्वारा जारी किए गए बजट को महज एक छलावा बताया। उन्होंने कहा कि गत सोमवार को सरकार द्वारा पेश किए गए बजट से प्रदेश में बढ़ती महंगाई,बेरोजगारी व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के मुद्दे सब गायब थे।

#### राहगीरों को करना पड़ रहा भारी परेशानियों का सामना

# कच्चा बेरी रोड पर जलभराव, प्रशासन से मिले लोग

- निगम अधिकारियों से मुलाकात कर समाधान की मांग की
- पशु डेयरी संचालक नालियों में बहा रहे गोबर

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक



रोहतक। कच्चा बेरी रोड पर गोबर और सड़क पर पानी जमा । *फोटो: हरिभूमि*

कच्चा बेरी रोड पर जलभराव हो गया है जिसकी वजह से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी वजह से स्थानीय दुकानदार और निवासी तंग हो चुके हैं। उन्होंने मंगलवार को नगर निगम के अधिकारियों से मुलाकात की और समाधान की मांग की। इसके बाद निगम की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। जानकारी के मुताबिक, कच्चा बेरी रोड के आसपास दर्जनों पशु डेयरी चलाई जा रही हैं। जिनसे गंदा पानी और गोबर नालियों में बहाया जा रहा है। इसकी वजह से सीवर भी ब्लॉक हो जाते हैं। जिनसे निकल कर गोबर और सड़कों पर जमा हो रहा है। पहले भी कई दफा नगर निगम द्वारा डेयरी संचालकों को नोटिस थमाए जा चुके हैं लेकिन अभी तक समाधान नहीं हो पाया है। अब दोबारा समस्या आने पर लोगों ने फिर से शिकायत की है। इसके बाद निगम की तरफ से एक टीम को मौके पर भेजा गया। अधिकारियों ने सीवर की सफाई करवाने के आदेश जारी किए हैं।

#### नोटिस दिया था

निगम द्वारा डेयरी संचालकों को नोटिस देकर चेतावनी दी गई थी कि वे यहां डेयरी बंद कर कन्हेली में डेयरी शुरू करें। सरकार की तरफ से कन्हेली में अलग से काम्प्लेक्स बनाया गया है जहां सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं लेकिन इसके बावजूद शहर के डेयरी संचालक कन्हेली नहीं जा रहे हैं।

**सूचना**

मैं, महेन्द्र पुत्र श्री दुलीचन्द निवासी समचाना, तहसील सांपला, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सचिन मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



# बालचंद चौक से आगे अवैध कॉलोनी में बने रोड नेटवर्क व चारदीवारी को तोड़ा

## उपायुक्त धीरेंद्र ने लोगों से अवैध कॉलोनियों में अपनी पूंजी न लगाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन द्वारा अवैध कॉलोनियों में निर्माण कार्य तोड़ने के लिए जोरशोर से अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सुनारिया कला में मंगलवार को बालचंद चौक से आगे विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी को तोड़ा गया। जिसमें विकसित किया गया रोड नेटवर्क व नींव समेत बनी चारदीवारियों को भी ढहाया गया। नगर योजनाकार पिछले काफी समय से इस अभियान में लगे हुए हैं। बहुत बार उपायुक्त के माध्यम से भी लोगों को आगाह किया जाता रहा है कि वह अवैध कॉलोनियों में अपनी पूंजी न लगाए।

इस अभियान के दौरान अवैध कॉलोनी में इंटरलॉक रोड नेटवर्क, कच्चा रोड नेटवर्क, 6 नींव, एक चारदीवारी व एक निर्माण को तोड़ा गया है। जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे अपनी जमा पूंजी को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न राजस्व संपदाओं में चिन्हित की अवैध कॉलोनियों में खरीद न करें।





### समय-समय पर की जाएगी कार्रवाई

जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर व भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें। क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्रवाई समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी। आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते हैं।

# 19 को दिव्यांगजनों को वितरित किए जाएंगे 60 लाख से अधिक राशि के उपकरण: डीसी

## दिसंबर 2024 में पंजीकृत किए लाभार्थियों को मिलेगा लाभ

- 19 मार्च को गांधी कुष्ठ आश्रम में आयोजित होगा कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष धीरेंद्र खड़गटा 19 मार्च को स्थानीय जिला विकास भवन के डीआरडीए हॉल में 200 से अधिक दिव्यांग व वृद्धजनों को 60 लाख रुपए से अधिक की धनराशि के उपकरण वितरित करेंगे। गत दिसंबर 2024 में पंजीकृत किए गए लाभार्थियों को यह उपकरण वितरित किए जाएंगे। यह उपकरण जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस एलिम्को के सहयोग से वितरित किए जाएंगे। विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष में 19 मार्च को सुबह 11 बजे गांधी कुष्ठ आश्रम में कवि सम्मेलन एवं साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुके साहित्यकार व कवि भाग लेंगे। बंधन साहित्य मंच के संरक्षक डॉ. मधुकांत एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक जनार्दन शर्मा भी अपनी टीम के साथ इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### धान की सीधी बुआई करने पर प्रति एकड़ 4500 रुपये मिलेगा अनुदान :डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत किए गए 2025-26 के बजट से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। प्रस्तुत किए गए बजट के अनुसार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़, खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं मिलेगी तथा किसानों, मजदूरों व महिलाओं को भी अनेक लाभ होंगे। वर्ष 2025-26 के बजट में किसानों के कल्याण के लिए भी घोषणा की गई है। धान की पराली का प्रबंधन करने वाले किसानों को एक हजार रुपए के स्थान पर 1200 रुपए प्रति एकड़ अनुदान दिया जाएगा। धान की सीधी बुआई को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली 4 हजार रुपए प्रति एकड़ अनुदान राशि को बढ़ाकर 4500 रुपए प्रति एकड़ किया जा रहा है।

### संयुक्त किसान मोर्चा 20 को सीएम आवास घेरेगा

**रोहतक।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी तथा अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने कहा कि 20 मार्च को संयुक्त किसान मोर्चा वर्षों से लंबित हरियाणा सरकार से संबंधित मुद्दों को लेकर कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पर धरना देगा। पदाधिकारियों ने कहा कि हरियाणा संयुक्त किसान मोर्चा, पिछले दिनों ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का 50000 रुपये एकड़ प्रति मुआवजा देने विधानसभा में प्रस्ताव पास करके कृषि मार्केटिंग पर राष्ट्रीय नीति फ्रेमवर्क को खारिज करने आदि मांगे कर रहा है।

### 22 मार्च तक चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

**रोहतक।** सरकार द्वारा पांच साल तक बच्चों में जानलेवा बीमारी के लिए अब तक छूटे हर टीके लगवाने के लिए 22 मार्च तक विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। सभी अभिभावक 5 साल तक छूटे हर टीके को इस अभियान के दौरान अवश्य लगवाए। अपने बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाएं। इसके लिए अपने क्षेत्र की एएनएम, आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते है। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग हरियाणा द्वारा विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभिभावक समझदारी दिखाते हुए अपने बच्चे का संपूर्ण टीकाकरण करवाए।

## सड़क निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध जरूरी : एडीसी

# सड़क हादसा होने पर विभागों पर भी दर्ज हो सकती है एफआईआर

- समाधान शिविर में एडीसी ने सुनीं नागरिकों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सड़क निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है। यदि विभाग की कमी की वजह से सड़क दुर्घटना में जन हानि होती है तो संबंधित विभाग के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। सड़क दुर्घटना के स्थल की संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा निर्धारित अवधि में जांच करना भी अनिवार्य है ताकि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। मंगलवार को समाधान शिविर में सुनवाई के दौरान एडीसी नरेंद्र कुमार ने यह बात कहीं।

उन्होंने मकडौली खुर्द निवासियों की गली निर्माण को पूर्ण करवाने से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी से इस गली का निर्माण करवाने को कहा। उन्होंने बुढ़ापा पेंशन से संबंधित शिकायतों के संदर्भ में कहा कि परिवार पहचान पत्र में दर्ज विवरण के अनुसार प्रो-एक्टिव मोड में बुढ़ापा पेंशन स्वीकृत की जा रही है। उन्होंने सरपंच एसोसिएशन की ग्रामीण क्षेत्र में साफ-सफाई से संबंधित शिकायत में कहा कि सफाई कर्मचारियों के मानदेय का भुगतान संबंधित ग्राम पंचायत से उपस्थिति रिपोर्ट प्राप्त कर ही किया जाए। समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को लंबित शिकायतों का यथासंभव शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए। खरावड़ गांव में जलापूर्ति से संबंधित ग्राम पंचायत के आवेदन में जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को गांव में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते एडीसी नरेंद्र कुमार।

### यह अधिकारी मौजूद रहे

समाधान शिविर के दौरान नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, सहायक नगर योजनाकार वैशाली, सहायक रोजगार अधिकारी मोनिका सिंह सहित पुलिस, राजस्व, लोक निर्माण, खेल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम 20-21 को

- माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत के मायने विषय पर युवाओं की प्रतिभागिता जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम 20 व 21 मार्च को पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित होगा। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी आशीष सांगवान ने बताया कि मंत्रालय द्वारा 16 मार्च तक माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत के मायने विषय पर 1 मिनट का वीडियो अपलोड करके युवाओं की प्रतिभागिता ली गई।

प्राचार्य नेकीराम महाविद्यालय लोकेश बल्हारा के नेतृत्व में गठित स्क्रीनिंग कमेटी के द्वारा नोडल जिला रोहतक के तहत रोहतक व झज्जर के चयनित डेढ़ सौ युवाओं को नेकीराम कॉलेज में जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। प्राचार्य लोकेश बल्हारा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर के मंच तक अपनी बात पहुंचाने का एक बेहतरीन मौका हैं। आयोजन समिति सदस्य व जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि सतीश शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने में युवा ऐसे कार्यक्रमों के जरिए अपना योगदान दे सकते हैं। समिति सदस्य व वरिष्ठतम प्राध्यापक डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि विगत वर्षों में भी रोहतक के युवाओं ने राष्ट्रीय स्तर तक अपनी बात पहुंचाई है। इस बार भी वह इसके लिए पूर्ण रूप से आश्वस्त है। इस दौरान सूबेदार मेजर जयशंकर प्रवीण प्रवेश शिवम व दलवीर उपस्थित रहे।




**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते प्राचार्य नेकीराम महाविद्यालय लोकेश बल्हारा , नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी आशीष सांगवान व अन्य प्रोफेसर।

# धामड़ निवासी युवकों पर फॉयरिंग करने का आरोपी काबू



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सीआईए-2 की टीम ने धामड़ निवासी युवकों पर हुई फॉयरिंग व गोली लगने से उपचार के दौरान मनीष की हुई मौत के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि 8 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली कि गांव रिठाल नहर पुल पर गोलियां चली है व घायलों को निजी अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। गोली लगने से घायल हुए युवकों की पहचान सौरभ व मनीष निवासी धामड़ के रुप में हुई। डॉक्टरों की टीम द्वारा मनीष और सौरभ को अस्पताल भर्ती कराया गया। इस दौरान 11 फरवरी को मनीष की मौत हो गई। सौरभ की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज किया गया है।



**रोहतक।** नवनियुक्त रोहतक जिला भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका का स्वागत करते कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा।

### रणवीर ढाका कुशल जिलाध्यक्ष : अरविंद शर्मा

**रोहतक।** कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने अपने चंडीगढ़ कार्यालय में नवनियुक्त रोहतक जिला भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि रणवीर ढाका एक कुशल राजनीतिक व्यक्ति हैं व जिला अध्यक्ष हैं। इनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी भविष्य में भी सफलता हासिल करेगी और रोहतक का सर्वांगीण विकास करेगी। उन्होंने अपने संस्मरण शेयर करते हुए कहा कि जब मैं संसद सदस्य था तब से लेकर आज तक मैंने रणवीर ढाका को बड़ी बारीकी से देखा हुआ समझा है, यह सबको साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति हैं और अपने बड़ों का कहा मानने वाले हैं। इस अवसर पर जिला प्रभारी सत्येंद्र परमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि निश्चित ही जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, अरविंद शर्मा की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।
पूर्व जिला अध्यक्ष व वर्तमान में प्रदेश के कोषाध्यक्ष अजय बंसल ने भी जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर एडवोकेट वजीर खोखर, अंकुश बिट्टू सांसी व अनेक स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कुलपति प्रो. राजबीर ने लोकार्पित किया ब्रोशर

- 20 मार्च को इंटरनेशनल डे ऑफ हैप्पीनेस मनाया जाएगा
- प्रो. अंजली मलिक ने सुख सृजन कार्यशाला बारे जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग तथा हैप्पीट्यूड लैबोरेट्री के संयुक्त तत्वावधान में 20 मार्च को इंटरनेशनल डे ऑफ हैप्पीनेस मनाया जाएगा। 20 मार्च से 22 मार्च तक हैप्पीनेस के विविध रंगों की अभिव्यक्ति कार्यशाला श्रृंखला- सुख सृजन का ब्रोशर एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने लोकार्पित किया। उल्लेखनीय है कि 20 मार्च को सुख सृजन कार्यशाला में हैप्पीनेस थ्रू एक्सप्रेसिव आर्ट को समर्पित रहेगा। 21 मार्च को हैप्पीनेस थ्रू म्यूजीकल एक्सप्रेशन तथा 22 मार्च को हैप्पीनेस थ्रू क्रिएटिव सेल्फ एक्सप्रेशन सुख सृजन कार्यशाला होगी। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने मनोविज्ञान विभाग तथा हैप्पीट्यूड लैबोरेट्री की इस सुख सृजन कार्यशाला पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के तनाव भरे समय में प्रत्येक व्यक्ति की जरूरत है हैप्पीनेस। विशेष रूप से विद्यार्थियों को इस प्रतिस्पर्धात्मक युग से सृजनात्मक ढंग से खुशी की अभिव्यक्ति का मंच ये सुख सृजन कार्यशाला प्रदान करेगा। मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्षा प्रो. अंजली मलिक ने कहा कि हैप्पीनेस की सृजनात्मक अभिव्यक्ति इस कार्यशाला श्रृंखला का उद्देश्य है।

### ये रहे मौजूद


सुख सृजन हैप्पीनेस कार्यशाला ब्रोशर लोकार्पण समारोह में डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान, रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अंजलि मलिक, हैप्पीट्यूड लैबोरेट्री प्रभारी प्रोफेसर प्रो. दीप्ति हुड्डा, मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापकगण प्रो. शालिनी सङ्खषह, प्रो. सर्वदीप कोहली, डॉ. बिजेन्द्र अहलावत, डॉ. शशि रश्मि, डॉ. बिन्दु अहलावत समेत रंग महोत्सव के इवेंट संयोजक प्राध्यापकगण आदि मौजूद रहे।




**महम।** विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता रहे खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते महम चीनी मिल के मैनेजिंग डायरेक्टर एचसीएस अधिकारी मुकुंद।

### महम चीनी मिल के प्रबंध निदेशक मुकुंद ने मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों को बांटे पुरस्कार

**महम।** मॉडल स्कूल महम में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में महम चीनी महम के प्रबंध निदेशक एचसीएस अधिकारी मुकुंद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। एचसीएस अधिकारी मुकुंद ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनको मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और उनका हौसला बढाया। साथ ही उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के डीपीई देवेंद्र ने बताया कि मॉडल स्कूल में मेडल सेरिमनी का आयोजन किया गया था। शुगर मिल के मैनेजिंग डायरेक्टर मुकुंद ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने100 मीटर रेस और लॉन्ग जंप के विजेता प्रतियोगियों को गोल्ड,सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए। उन्होंने अपने बचपन के अनुभव भी विद्यार्थियों के साथ सांझा किए ।विद्यार्थियों ने उनसे नई शिक्षा पद्धति के बारे में भी जाना। इस अवसर पर प्रधानाचार्या राजेश नांदल ने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।



**रोहतक।** कार्यक्रम में डॉ. अजय देसवाल व हिमांशी बत्रा का स्वागत करते प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ,भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. विनीतबाला व डॉ. पिंकी यादव ।

### वैश्य महाविद्यालय के सभागार में हुआ भौगोलिक सूचना प्रणाली पर व्याख्यान

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय के सभागार में मंगलवार को भौगोलिक सूचना प्रणाली पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। इसमें स्काई लाइन इंस्टीट्यूट ऑफ जियो इनफोरमेटिक एजुकेशन व टेक्नोलोजी रोहतक से आए हुए डॉ. अजय देसवाल तथा तकनीकी अधिकारी हिमांशी बत्रा मौजूद रहे। डॉ. अजय देसवाल ने विद्यार्थियों को जियो इनफोरमेंटक व भौगोलिक सूचना प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए भविष्य में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही इस तकनीक से संबंधित सर्टिफिकेट डिप्लोमा कोर्सों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने छात्रों को जियो रिप्रेशिंग व मैप मेकिंग पर बारीकी से बताया तथा भविष्य में जीआईएस के प्रयोग के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि यह तकनीक उपग्रह प्रणाली, जियो इनफोरमेंटिक, रिमोंट सेंसिंग, ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम, एरियल फोटोग्राफस तथा अत्याधुनिक तकनीकों के प्रयोग से किस प्रकार देश के वैज्ञानिक व अनुसंधानकर्ता जटिल से जटिल कार्य को चुटकियों में कर सकते हैं।

### गवर्नमेंट कॉलेज महम में रोजगार मेला आज

**महम।** मंडल रोजगार कार्यालय रोहतक द्वारा बुधवार 19 मार्च को महम के राजकीय महाविद्यालय में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। मंडल रोजगार अधिकारी सोनम गोयल ने बताया कि इस मेले में करीब 10 कंपनियां भाग ले रही हैं। ये कंपनियां विभिन्न पदों पर भर्ती करेंगी। इन कंपनियों में पुखराज हेल्थ केयर, पीएफएनएल सिक्योरिटी, भारतीय जीवन बीमा निगम, एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी बैंक, यथार्थ यंत्र उद्योग रोहतक, आदिनाथ एसिन ऑटोमोटिव हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड और नुमैक्स स्किल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड आदि में विभिन्न पदों पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। जिन पदों पर इंटरव्यू लिए जाएंगे, उनमें कम्प्यूटर ऑप्रेटर एकाउंटेंट, रिसेप्सनिस्ट और आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों जैसे मशीन ऑप्रेटर, आदि पद शामिल हैं।

**कार्यक्रम** इंडस पब्लिक स्कूल में कॅरियर मार्गदर्शन पर कार्यक्रम का किया आयोजन

# इंडस पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दिए कॅरियर टिप्स

छात्र अपनी रूचि के अनुसार सोच विचार कर अपने संकाय का चयन करें : डॉ. एकता



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु के सम्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि कक्षा ग्यारहवीं में सभी छात्र अपनी रूचि के अनुसार अत्यधिक सोच विचार कर अपने संकाय का चयन करें। किसी के दबाव में आकर अपनी दिशा न भटकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में आप सफलता हासिल कर सकते हैं इसके लिए आपको जीवन में बहुत आत्मविश्वास व मेहनत के साथ आगे बढ़ना है। इस दौरान काउंसलर कर्नल डॉ. जसवन्त सिंह ने बताया कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते हैं, उनके लिए निरन्तर प्रयास करने पड़ते हैं। हमें यह तो पता है हमें क्या बनना है? लेकिन कैसे बनना है? यह मालूम नहीं है।

### विद्यार्थियों को किया प्रेरित

*डॉ. जसवन्त सिंह ने छात्रों को बताया कि जीवन में महत्वपूर्ण क्या है, यह जानना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप सौभाग्यशाली हैं कि आपकी काउंसलिंग होती है उसकी सहायता से आप सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र का चयन कर सकते हैं। करियर चयन से पहले कुछ महत्वपूर्ण तथ्य जिनमें उद्देश्य, वेतन, सम्मान, जॉब सिक्योरिटी, प्लेजर टाइम, स्वास्थ्य, आत्म विश्वास व परिस्थितियाँ आदि शामिल हैं। इनके अनुसार ही छात्रों को संकाय और लक्ष्य का चयन करना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने विद्यार्थियों को काउंसलिंग में बताए गए बिंदुओं को अपनाकर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।*